Court of DASJ - II, Munger
ST- 377 B/09 (127/20)

.1.06.2026:

वाद के कुल तीन अभियुक्त ① मुटिया देवी ② पोलो देवी ③ कारू कोड़ा अनुपस्थित है। अभियोजन की ओर से हाजरी है। वाद का पुकार किया गया। पुकार पर बचाव पक्ष की ओर से कोई भी न्यायालय में उपस्थित नही हुए। विद्वान अपर लोक अभियोजक न्यायालय में उपस्थित हुए। सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि अभियुक्त लम्बे समय से अनुपस्थित चले आ रहे है। अभियुक्त को उपस्थित कराने हेतु न्यायालय द्वारा दिनांक 17.07.2019 को 82 Cr.P.C तथा दिनांक 26.06.2023 को 83 Cr.P.C निर्गत किया ~~गया~~ जा चुका है। फिर भी अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नही हो रहे है।

उपरोक्त तथ्यों एंव परिस्थितियों के आलोक में विदित होता है कि अभियुक्तों का निकट भविष्य में न्यायालय में उपस्थित होने की कोई संभावना प्रतित नही होती है। अत: तीनों अभियुक्तगण ① मुटिया देवी ② पोलो देवी ③ कारू कोड़ा को फरार घोषित किया ~~गया~~ जाता है। कार्यालय तीनों अभियुक्तों के विरूद्ध Permanent warrent (स्थाई अधिपत्र) निर्गत करें। एंव अभिलेख को अभिलेखागार में जमा करें। एंव आदेश की प्रति को CIS पर Upload करें।

लेखापित

DASJ-II